## खास-खबरें

### स्व. मणिनागेंद्र सिंह पटेल को श्रद्धांजलि दी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नरसिंहपुर ज़िले के गोटेगाँव की नई कृषि उपज मंडी में विधायक जालम सिंह पटेल के सुपुत्र स्व. मणिनागेंद्र सिंह पटेल की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने स्व. मणिनागेंद्र सिंह पटेल की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने परिवारजन को ढांढस बंधाया। श्री चौहान ने स्व. मोनू के समाज-सेवा कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं बचपन से मोनू को जानता था। पटेल परिवार ने मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा उनके सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। इस फाउंडेशन द्वारा युवाओं के ब्लड सेम्पल लेकर जाँच कराई जायेगी, जिससे गंभीर रोगों का समय पर पता लगा कर उनका तत्परता से उपचार किया जा सके। केंद्रीय जल शक्ति, खाद्य प्र-संस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने श्रद्धांजलि सभा में आये सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने परिवार की ओर से स्व. मोनू पटेल के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग सहित सांसद, विधायक, जन-प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

### पीपल, जामुन और करंज के पौधे लगाए



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में पीपल, जामुन और करंज के पौधे लगाए। पूर्व विधायक सुरेन्द्र नाथ सिंह भी पौध-रोपण में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के साथ 9 वर्षीय बालिका आद्या चतुर्वेदी ने अपने जन्म-दिवस पर पौधे रोपे। उनके पिता टी.वी. चैनल न्यूज-24 मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ के राकेश चतुर्वेदी तथा परिवार के सदस्यों ने भी पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री के साथ मुकुल राठौर, युवराज सिंह राजपूत ने अपने जन्मदिवस पर और अनिल एवं श्रीमती मान्या मोटवानी ने अपनी विवाह वर्षगाँठ पर परिजन की मौजूदगी में पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री के साथ प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 से सम्मानित इन्दौर के 13 वर्षीय बालक अवि शर्मा ने भी पौधे रोपे। पौध-रोपण में नरेन्द्र मोटवानी, पवित्र मोटवानी, सक्षम मोटवानी, राकेश चतुर्वेदी, सुदामा दुबे, इन्द्रराज सिंह राजपूत, यशवर्धन सिंह राजपूत, अमित शर्मा, सुश्री विनीता शर्मा तथा माया शर्मा भी शामिल हुई।

### मुख्यमंत्री आज सागर में करेंगे कृषक ब्याज माफी योजना का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रविवार 14 मई को सागर जिले के केरबना गाँव से मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना-2023 के अंतर्गत आवेदन प्राप्ति से अभियान का शुभारंभ करेंगे। प्रदेश में 11 लाख 19 हजार डिफाल्टर किसान भाई-बहनों को योजना का लाभ मिलेगा। राज्य सरकार डिफाल्टर किसानों की 2200 करोड़ से अधिक राशि का ब्याज माफ करेगी और इस राशि की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा ब्याज भरने से किसान भाई-बहन डिफाल्टर नहीं कहलाएंगे। किसानों को समिति से डिफाल्ट मुक्त होने का प्रमाण-पत्र भी दिया जाएगा। किसान भाई शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर योजना के लिए पात्र हो जाएंगे। जिन किसानों को समिति से खाद और बीज प्राप्त नहीं हो रहा था ऐसे किसान, डिफाल्टर और सोसायटी से खाद-बीज लेने से वंचित हो गए थे। राज्य सरकार उनके ब्याज की राशि भरेगी।

### केरला स्टोरी फिल्म का निःशुल्क प्रदर्शन

**भोपाल ( हिनप्र )।** सिंधी सेंट्रल पंचायत भोपाल ने केरला स्टोरी फ्री दिखाने का फैसला लिया है। पंचायत ने कहा है कि लव जेहाद की बढ़ती प्रवृत्ति और इसके दुष्परिणामों को प्रदर्शित करती फिल्म है। हमारे समाज की बहनें और बेटियां जरूर देखें इसलिये पंचायत समाज की बहनों और बेटियों को केरला स्टोरी फिल्म निःशुल्क दिखाएगी। फिल्म गुरुवार 18 मई को सांय 6 से 9 के शो में दिखाई जाएगी। पंचयत के भगवान देव इसरानी ने भोपाल की पंचायतों के अध्यक्षों से फिल्म देखने की इच्छुक माताएं -बहनें और बेटियां की सूची/पूरी जानकारी पंचायत के महासचिव हरीश नागदेव को बुधवार सुबह 11 बजे तक भेजने को कहा है।

### बबीना स्टेशन पर 19167/19168 साबरमती एक्सप्रेस का प्रायोगिक हाल्ट

**भोपाल।** रेल मंत्रालय द्वारा गाड़ी संख्या 19167/19168 अहमदाबाद-वाराणसी सिटी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस का 14 व 15 मई से बबीना स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर दोनो दिशाओं में ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 19167 अहमदाबाद-वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस कल से बबीना स्टेशन पर 17.01 बजे पहुँचकर, 17.03 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस 15 मई से बबीना स्टेशन पर 05.17 बजे पहुंचकर, 05.19 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। इस गाड़ी का बबीना स्टेशन पर ठहराव दिए जाने के कारण गाड़ी संख्या 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस के तालबेहट स्टेशन की समय-सारणी में संशोधन किया गया है।

### परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े दो पहिया वाहनों के लॉक तोड़, सिम और डेबिट कार्ड चोरी

**भोपाल।** ईटखेड़ी थाना इलाके में स्थित जेएनसिटी कॉलेज लांबाखेड़ा में परीक्षा देने आये उम्मीदवारो के दो पहिया वाहनो से अज्ञात बदमाशो ने बिना लॉक तोड़े एटीएम और मोबाइल से सिम चुरा लिये। जानकारी के अनुसार मोहम्मद बिलाल पटवारी चयन परीक्षा देने के लिए बीती 23 अप्रैल को जेएनसिटी कॉलेज लांबाखेड़ा पहुंचे वहॉं अपना दो पहिया वाहन परीक्षा केंद्र के बाहर खड़ा कर दिया था। परीक्षा देकर लोटने के बाद जब उन्होने वाहन से अपना मोबाइल निकाला तो उन्हें पता चला कि मोबाइल में सिम नहीं थी, और पर्स में रखा एटीएम भी गायब था।

# स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहयोग करें : महापौर

भोपाल(काप्र)।



**महापौर श्रीमती मालती राय द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के निर्धारित मापदण्डों अनुसार स्वच्छता की गतिविधियां सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही आम नागरिकों को स्वच्छता की गतिविधियों में सहयोग कर अपने शहर भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने की अपील भी की जा रही है।**

इसी तारतम्य में महापौर श्रीमती मालती राय ने शनिवार को जोन क्र. 08 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था, डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण, नाला-नालियों की सफाई सहित स्वच्छता की अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया और साफ-सफाई व्यवस्था तथा डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण आदि कार्यों को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने, दुकानों पर 02 डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखवाने हेतु समझाइश देने तथा समझाइश के बावजूद डस्टबिन न रखने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही सख्ती के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर श्रीमती राय ने विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसायियों एवं स्थानीय नागरिकों से स्वच्छता संवाद किया और साफ-सफाई कार्य व कचरा एकत्रीकरण के संबंध में फीडबेक भी लिया और स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग कर अपने शहर भोपाल को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने की अपील की। महापौर ने शनिवार को जोन क्र. 08 के अंतर्गत माता मंदिर, अम्बेडकर नगर, पीएंडटी कालोनी, बिजासेन नगर, नया बसेरा, संजय नगर, बापू नगर, शबरी नगर नई व पुरानी बस्ति, छत्रपति नगर, चुना भटटी, 6 नंबर स्टाप, चार ईमली, शिवाजी नगर, व्यापम चौराहा आदि के रहवासी व व्यवसायिक क्षेत्रों में साफ-सफाई, डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण तथा गीतांजली काम्पलेक्स स्थित नाला सहित अन्य स्वच्छता की गतिविधियों का अवलोकन किया और स्वच्छता संबंधी कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि स्वच्छता कार्य में संलग्न सभी कर्मचारियों की उपस्थिति निर्धारित गणवेश में सुनिश्चित कराएं। महापौर श्रीमती राय ने गीतांजली नाले सहित अन्य नाला-नालियों की सफाई बेहतर ढंग से कराकर पानी के बहाव को निरंतर व्यवस्थित रखने एवं आवश्यकतानुसार सीवेज लाइनों की सफाई भी तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने इस दौरान विभिन्न रहवासी, झुग्गी एवं व्यवसायिक क्षेत्रों के नागरिकों व व्यवसायियों से स्वच्छता संवाद किया और रोड स्वीपिंग, कचरा पृथक्कीकरण एवं डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण के संबंध में फीडबेक भी लिया। नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के साथ ही पानी के अपव्यय को भी रोकने की समझाइश दी और दुकानदारों से कहा कि वह अपनी दुकानों पर डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें तथा प्रतिबंधित पॉलाथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक आदि का उपयोग न करें।

## समर्पण दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों ने लिया लाभ



भोपाल (हिनप्र)।

**समर्पण दिवस पर शनिवार को संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन ने निऱ्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर निदान्ता स्वास्थ्य वेलफेयर सोसाइटी एवं निदान पैथोलॉजी लैब के सहयोग से लगाया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर ,हीमोग्लोबिन की कमी, बीएमआई, दांतों से सम्बंधित रोग, फिजोथेरपी अन्य अनेक जांचें निःशुल्क की गई।**

शिविर का लाभ 287 लोगों ने उठाया। इस अवसर पर डॉ सत्येन्द्र आसवानी, डॉ जितेंद्र मिश्रा, डॉ निरंजन शर्मा, डॉ अनिल व उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दीं। निऱ्शुल्क सेवा देने के लिए निरंकारी मिशन के महेश वीधानी ने आभार व्यक्त किया। शिविर के संचालन में संचालक अशोक नाथानी, लक्ष्मणदास नाथानी, सहायक संचालिका निशा टेकवानी लेखपाल नारद कृपलानी, कैशियर प्रकाश धनकानी,शिक्षक विजय कृपलानी शिक्षिका सुषमा ग्वालानी सहायक शिक्षक विजय नाथानी ,चेरिटेबल सेवक पुरषोत्तम मूलानी मुरलीधर भोजवानी की भूमिका रही।

## बैंक मैनेजर के मकान से चोरी करने वाले गिरफ्तार

भोपाल(काप्र)।

**रातीबड़ थाना इलाके में करीब एक महीने पहले बैंक मैनेजर के सूने मकान का ताला चटकाकर कीमती माल पर हाथ साफ करने वाले दो आरोपियो को पुलिस ने दबोचते हुए चोरी का काफी माल बरामद किया है।**

जनकपुरी कालोनी, नाथू बरखेड़ा रोड नीलबढ़ में रहने वाले 39 वर्षीय संदीप मिश्रा एसबीआई जनरल बैंक इंश्योरेंश न्यू मार्केट में मैनेजर हैं। बीती 13 अप्रैल की सुबह करीब नौ बजे उनकी पत्नी अपने माता-पिता से मिलने के लिए हरीनगर चली गई थी। बाद में वह भी घर में ताला लगाकर अपनी नौकरी पर चले गए। शाम करीब सात बजे जब वह वापस लौटे तो उन्हें मकान के मेन गेट के साथ ही कमरों के ताले टूटे मिले। भीतर घुसे बदमाशो ने यहॉ रखी 50 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोरों आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी सुरागशी के प्रयास शुरु कर दिये। छानबनी के दौरान सीसीटीवी कैमरों खंगालने पर पुलिस को एक सदिंग्ध कार नजर आई। बीते दिन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जिस कार की तलाश है, वह केरवा रोड पर खड़ी है, जिसमें दो युवक बैठे हुए हैं।

## आग में झुलसकर विवाहिता की मौत

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना इलाके में स्थित ग्राम बगरौदा में विवाहिता की घर के भीतर ही आग से झुलसकर मौत हो गई। पुलिस घटना को संदिग्ध मान कर जॉच कर रही है। जिसका कारण यह है कि हादसे के समय घर में महिला का पति सहित चार बेटियां और बेटा मौजूद थे। लेकिन उनका कहना है, कि उन्हें घटना की भनक तक नहीं लगी। पुलिस के मुताबिक ग्राम बगरौदा में रहने वाले हरिप्रसाद मैहर का गॉव में ही बड़ा मकान है, पेशे से खेती-किसानी करते हैं। हरिप्रसाद ने बताया कि बीती अलसुबह जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि सामने वाले कमरे में उनकी पत्नी की आग में बुरी तरह से झुलसकर मौत हो चुकी थी।

## संतनगर में कर्नाटक की जीत पर कांग्रेसियों ने मनाया जश्न



**भोपाल ( हिनप्र )। संतनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कर्नाटक में कांग्रेस की जीत की खुशी पर आतिशबाजी की और मिठाई बांटी।**

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कैलाश मिश्रा व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक मारण ने कहा कर्नाटक चुनाव से मप्र विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जनता ने अपना मन भाजपा का बता दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं कर्नाटक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई है। इस मौके पर माधु चांदवानी, घनश्याम लालवानी, सुरेश सिंगरौली, विष्णु महाराज, कुमार भानु, राजेश लोहा, कयूम खान, तुलसी जोतवानी, लीला पवार, ओम प्रकाश नामदेव, आत्माराम सूर्यवंशी, दिलीप ज्ञानचंदानी, नरेंद्र केवलानी, शम्मी गंगवानी, प्रकाश विधानी, बबलू टेकचंदानी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लोक अदालत शिविरों का निरीक्षण



भोपाल (काप्र)।

**निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने विभिन्न वार्ड कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत के तहत आयोजित शिविरों का अवलोकन किया और सम्पत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार आदि के प्रकरणों में नियमानुसार दी जा रही छूट व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की।**

पीओएस मशीन, कम्प्यूटर व मोबाइल पर कर वसूली संबंधी कार्यवाही का अवलोकन किया। निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि नेशनल लोक अदालत के शिविरों में सम्पत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार के प्रकरणों में नियमानुसार अधिभार में दी जा रही छूट का लाभ देकर अधिक से अधिक करदाताओं से प्रकरणों को सुगमता के साथ निराकृत करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री संदीप केरकेट्टा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त ने शनिवार को वार्ड क्रमांक 26, 31, 32, 45, 46, 82 एवं 85 के वार्ड कार्यालयों का निरीक्षण किया और नेशनल लोक अदालत के तहत अधिभार में दी जा रही छूट एवं प्रकरणो के निराकराण एवं अन्य करों की वसूली के संबंध में पृथक-पृथक वार्डों में जोनल अधिकारियों, वार्ड प्रभारियों व कम्प्यूटर आपरेटर्स से जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने पीओएस मशीन, कम्प्यूटर एवं मोबाइल पर कर वसूली हेतु की जा रही कार्यवाही का भी अवलोकन किया। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने इस दौरान कर जमा करने आए नागरिकों से भी चर्चा की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने निर्देशित किया कि नेशनल लोक अदालत में बकाया करों की राशियों पर दी जा रही नियमानुसार छूट का लाभ लेकर अधिक से अधिक करदाताओं से सम्पत्तिकर एवं जल उपभोक्ता प्रभार आदि के प्रकरणों को सुगमता के साथ निराकृत करें। निगम आयुक्त ने करों संबंधी प्रकरणों के निराकरण हेतु आने वाले करदाताओं की समस्या को भी ध्यान पूर्वक सुनने और प्रकरणों को सुगमता से निराकृत करने के निर्देश दिए।

## प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में समय पर होंगे प्रमोशन

भोपाल(काप्र।

**प्रदेश के 5 सरकारी और 64 पॉलिटेक्निक कॉलेजों के 18 साल पुराने नियमों को बदलने का प्रस्ताव तैयार किया गया है।. नए प्रस्ताव में प्रमोशन इत्यादि का भी उल्लेख किया जा रहा है।**

नई भर्ती व्यवस्था में फ्लैक्सिबल स्टाफिंग पैटर्न लागू करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के लागू होने के बाद समयानुसार प्रमोशन होंगे। लेक्चरार, प्रिंसिपल, एचओडी और असिस्टेंट प्रोफेसर तक के लिए पदोन्नति की समय सीमा तय की जा रही है. वर्तमान में मध्यप्रदेश के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 200 एचओडी और इंजीनियरिंग कॉलेजों में 100 से अधिक असिस्टेंट प्रोफेसर के पद खाली पड़े हुए हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा नया प्रस्ताव तैयार किया गया है। जल्द ही मंत्रिमंडल की स्वीकृति लेकर इसे लागू किया जाएगा. उसके बाद इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक कॉलेजों के एचओडी, प्रोफेसर इत्यादि के पदों पर पदोन्नति कर पदों को भरा जाएगा। इससे इंजीनियर कॉलेजों की शिक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## नाबालिग शादी का झांसा देकर भगाकर ले जाने वाले पर अपहरण दुष्कर्म का मामला दर्ज

**भोपाल( काप्र )।** अरेरा हिल्स थाना इलाके में स्थित झुग्गी बस्ती में रहने वाली नाबालिग को बस्ती में ही रहने एक युवक प्रेम जाल में फंसाकर साथ भगा कर औरंगाबाद ले गया। वहां आरोपी ने शादी का झांसा देकर किशोरी का शारीरिक शोषण किया। बीते दिनों दोनों भोपाल वापस आए तब पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब करते हुए जॉच के आधार पर आरोपी के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म सहित अन्य धाराओ में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय किशोरी की तीन साल से विशाल गोड़े नाम के युवक से जान पहचान थी। विशाल ने नाबालिग को शादी करने का झांसा दिया। लगभग एक महीन पहले किशोरी संदिग्ध हालत में घर से गायब हो गई। परिवार वालो ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए विशाल पर सदेंह जताया था, क्योकिं वह भी गायब था। बीते दिन पुलिस को सूचना मिली कि किशोरी और सदेंही विशाल भोपाल रेलवे स्टेशन के पास नजर आये है। परिजन व पुलिस मौके पर पहुंचे और तलाश करने के बाद किशोरी को दस्तयाब कर लिया।

## हत्यारे पति को आजीवन कारावास

भोपाल(काप्र)।

**राजधानी की जिला अदालत ने साल 2021 में विवाहिता की हत्या के मामले में उसके आरोपी पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है।**

यह निर्णय जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट ने देते हुए पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति संजीव उर्फ सोनू अहिरवार को पद्रंह सौ रुपये के जुर्माने से भी दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक पी एन सिंह राजपूत ने की। लोक अभियोजक से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सब्जी का ठेला लगाने वाले संजीव उर्फ सोनू अहिरवार की शादी साल 2013 में मृतका कृष्णा के साथ हुई थी। शादी के बाद कृष्णा के गर्भवती होने से उसकी देखभाल के लिये उसकी बहन उसके घर पर आ कर रहने लगी थी। उसी दौरान जीजा-साली के बीच नजदीकिया बढ़ गई और उनके बीच अवैध संबंध बन गये और वह गर्भवती हो गई। इसकी जानकारी लगने पर पत्नी के मायके वालों ने संजीव के खिलाफ रिर्पोट दर्ज करा दी। इसके बाद करीब सात-आठ महीने तक आरोपी जेल में रहा। जमानत मिलने पर जेल से छूटने के बाद वह पत्नी को लेकर अपने गांव आ गया। लेकिन यहां बहन से अवैध संबंधों को लेकर उसकी पत्नी का रोजाना ही झगड़ा होने लगा। वहीं संजीव अपनी पत?नी के चरित्र पर शक करने लगा था। उसे संदेह था कि उसके जाने के बाद बाद पत्नी उसे बिना बताये घूमने जाती है, और घर आकर किसी से लबें समय तक फोन पर बात करती है। फरवरी 2021 को संजीव पत्नी को घुमाने के बहाने बाइक से गांधी नगर स्थित खाली प्लाट पर पहुंचा, जहां उसने पत्नी के बाल पकड़कर उसके मुंह जोर से पत्थर दे मारा, जिससे वह बेहोश हो गई। पत्नि कृष्णा के बेहोश होने पर संजीव ने उसके सिर पर पत्थर पर पटककर उसकी बेरहमी से हत्या कर उसकी लाख को वहीं छोड़कर फरार हो गया था।

**खास खबर** | निगम आयुक्त ने विभिन्न क्षेत्रों में काम्पलेक्सों का किया निरीक्षण....

# लंबित कार्यों का लक्ष्य निर्धारित कर समय सीमा में पूर्ण करें: चौधरी

भोपाल (काप्र)।



**निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित राजस्व संपत्तियों का निरीक्षण किया और प्रचलित कार्यों की गति बढ़ाकर समय सीमा में पूर्ण करने तथा प्रस्तावित कार्यों को शीघ्रता से प्रारंभ करने के निर्देश दिए।**

निगम आयुक्त श्री चौधरी ने न्यू मार्केट, फ्तेहगढ़, जुमेराती पोस्ट आफिस, लक्ष्मी टाकीज, बाल विहार, नादरा बस स्टैण्ड, पुतलीघर बस स्टैण्ड एवं बैरसिया बस स्टैण्ड आदि क्षेत्रों में व्यवसायिक सह आवासीय काम्पलेक्सों के निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया और साप्ताहिक कार्य योजना बनाकर तीव्र गति से कार्य करने एवं निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री संदीप केरकेट्टा, मुख्य अभियंता श्री पी.के.जैन सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने शनिवार को विभिन्न राजस्व परियोजनाओं एवं अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यू मार्केट टी.टी.नगर थाने के सामने निर्माणाधीन व्यवसायिक काम्पलेक्स में भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल में प्रचलित निर्माण कार्यों का जायजा लिया और कार्य प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की तथा दुकानों के आकार एवं मूल्यों की रेट लिस्ट दीवार पर आइल पेंट से लिखवाकर प्रदर्शित करने, फ्लोरिंग एवं रैलिंग सहित अन्य शेष रहे कार्यों को चार सप्ताह की समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री चौधरी ने फ्तेहगढ़ में पुराने फायर स्टेशन के स्थान पर निर्माणाधीन आवासीय सह व्यवसायिक काम्पलेक्स के निर्माण कार्यों की धीमी गति देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने समय सीमा में कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में पेनाल्टी अधिरोपित करने की हिदायत भी दी। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने विद्युत कनेक्शन हेतु समस्त प्रक्रियाओं को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश विद्युत यंत्री को दिए। श्री चौधरी ने जुमेराती पोस्ट आफिस के पास निर्माणाधीन आवासीय सह व्यवसायिक काम्पलेक्स में प्रचलित निर्माण कार्यों का जायजा लिया और दुकानों एवं आवास के आकार एवं मूल्यों की रेट लिस्ट दीवार पर आइल पेंट से लिखवाकर प्रदर्शित करने तथा कार्य की गति बढ़ाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने पुरानी लक्ष्मी टाकीज के स्थान पर निर्मित जी3 शापिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण किया और काम्पलेक्स की दुकानों/हॉल के आकार एवं मूल्यों की रेट लिस्ट दीवार पर आइल पेंट से लिखवाकर प्रदर्शित करने तथा फिनिशिंग सहित अन्य शेष रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।